Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 12-07-2022 | अंक 282

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

# चाणक्य आइएएस एकेडमी की ओर से आयोजित सेमिनार में छात्रों की उमड़ी अपार भीड़

## सिविल सेवा में झारखंड का स्थान अव्वल लाना हमारा लक्ष्य : सक्सेस गुरु एके मिश्रा

## लक्ष्य तय कर उचित मार्गदर्शन में की गई तैयारी, दिलाती है सफलता : अभीजीत रे

**अपेम लाइव :रांची**





रांची। मन के हारे हार है, मन के जीते जीत। सबसे पहले खुद पर अभ्यर्थी विश्वास करना सीखें, क्योंकि आपका आत्मविश्वास ही सफलता के डोर को मज़बूत बनाएगा। एक समय ऐसा भी था जब झारखंड के ग्रामीण क्षेत्र के सीमित बच्चे ही सिविल सेवा की ओर रूख कर पाते थे। आत्मविश्वास का अभाव कहें या जागरूकता की कमी पर हकीकत यही था। लेकिन हमने झारखंड में रांची, हजारीबाग और धनबाद में चाणक्य आइएएस एकेडमी की शाखाएं खोलकर ना सिर्फ इस राज्य के बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने में मदद की बल्कि लगातार संस्थान की ओर से जागरूक भी किया गया, जिसका नतीजा है कि आज शहरी क्षेत्रों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी यूपीएससी और जेपीएससी में अपने सफलता का परचम लहरा रहे हैं। उक्त बातें चाणक्य आइएएस एकेडमी के फाउंडर चेयरमैन व इंटरनेशनल मोटीवेशनल स्पीकर सक्सेस गुरू एके मिश्रा ने राजधानी रांची के लालपुर स्थित चाणक्य आइएएस एकेडमी के रांची शाखा में आयोजित सेमिनार के दौरान अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हर छात्र आइएएस बनने की क्षमता रखता है। समय का सदुपयोग, बेहतर सलाह, उचित मार्गदर्शन और सही दिशा में नियमित परिश्रम से यह लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। हर व्यक्ति में अद्भुत शक्ति है, बस ज़रूरत है अपनी शक्ति पहचान कर सही मेहनत किया जाए। उन्होंने कहा कि कई बार लोग अपने कंफर्ट जोन को त्याग नहीं पाते और चुनौतीपूर्ण स्थितियों या संघर्षपूर्ण स्थितियों को स्वीकारने में संकोच करते हैं पर हकीकत तो यह है कि जीवन को संवारने के लिए हर चुनौतियों से गुजरना भी जरूरी होता है। वहीं चाणक्य आइएएस एकेडमी से तैयारी कर यूपीएससी 2021 में रैंक 50 लाकर सफलता का परचम लहराने वाले अभीजीत रे भी इस सेमिनार में शामिल हुए और मौके पर बड़ी संख्या में मौजूद अभ्यर्थियों को सफलता से जुड़ी कई अहम बातें बताई। उन्होंने अभ्यर्थियों से मुखातिब होते हुए कहा कि समय प्रबंधन कर तय लक्ष्य की ओर पूरी लगन से उचित मार्गदर्शन में परिश्रम करने से सफलता पाने की राह काफी आसान हो जाती है। सभी अभ्यर्थियों को इस ओर ईमानदारी से पहल कर अपने तय लक्ष्य पर फोकस करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर अभ्यर्थी को समय समय पर उचित मार्गदर्शन लेना आवश्यक है। चाणक्य आइएएस एकेडमी में तैयारी करते हुए मुझे अनुकूल वातावरण के साथ साथ सक्सेस गुरू एके मिश्रा सर का समय समय पर उचित मार्गदर्शन मिलता रहा, विनय सर और रीमा मैम के भरपूर सहयोग के अतिरिक्त संस्थान में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों व हर अनुकूल व्यवस्थाएं मिली, जो हमारे सफलता का आधार बना। बताते चलें कि चाणक्य आइएएस एकेडमी 1993 में दिल्ली से शुरू हुई। वर्तमान में संस्थान की 22 शाखाएं देश की विभिन्न राज्यों में मौजूद है। अब तक संस्थान के 5 हजार से भी अधिक सिविल सेवक देश सेवा में अहम योगदान दे रहे हैं।




डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार | सहयोगी: सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूज़पेपर

## यूनाइटेड बरही की टीम ने प्रखंड के विभिन्न पंचायतों का किया दौरा





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

यूनाइटेड बरही के सदस्यों ने बरही प्रखण्ड के खोड़ाहर, करसो, केदारुत, गौरियाकरमा पंचायत के विभिन्न गांवों का दौरा किया। गांव के दौरा के दरम्यान उन्होंने यूनाइटेड बरही संगठन निर्माण के उद्देश्यों को लोगों को बताया। यूनाइटेड बरही के सदस्य रंजीत चंद्रवंशी, संजय मेहता, यमुना यादव ने बताया कि यूनाइटेड बरही जैसे संगठन में विभिन्न विचारधारा के लोग है, जिसमें सभी युवा है। उन्होंने बताया कि बरही के जनमुद्दों को लेकर जब तक यहां के युवा आगे नही आएंगे तबतक यहां की राजनीति के बीच ज्वलंत मुद्दे गायब रहेंगे। जिसके लिए बरही के युवाओं को आगे आना होगा। उन्होंने लोगों को बताया कि आज तक बरही का नेतृत्व करने वाले राजनीतिक रोटियां सेक रहे है, लेकिन अब यहां के युवा एकजुट होकर बरही के विभिन्न मुद्दों पर यूनाइटेड बरही लड़ाई लड़कर बरहीवासी को उनका हक और अधिकार दिलाने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि रियाडा में बरही के लोगों ने अपनी जमीन दी है लेकिन उन्हें आजतक क्या मिल पा रहा है, यह लोग जान रहे है। संवैधानिक तरीके से पहले कंपनी के लोगों से वार्ता की जाएगी। वार्ता करने के बाद भी अगर यहां के युवाओं को रोजगार उपलब्ध नही कराया जाता है तो विरोध प्रदर्शन करते हुए पैदल मार्च और उसके बाद धरना प्रदर्शन भी किया जाएगा। यूनाइटेड बरही के सदस्यों ने बताया कि संगठ्न सिर्फ रियाडा ही नही बल्कि बरही के जनहित मुद्दों पर भी साझा संघर्ष करेगा। उन्होंने लोगो से कहा कि संगठन में समाज के सभी चिंतनशील लोग संगठ्न से जुड़ सकते है। यूनाइटेड बरही चारो प्रखंडो में काम करेगा और अपनी सक्रियता को जाहिर करेगा। मौके पर दर्जनों युवा व ग्रामीण मौजूद थे।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी(रुर्बन मिशन) योजना से बने विवाह भवन,को मुखिया ने महिला मंडल को सौपा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




हैंडओवर लेती महिला मंडल की दीदियां

पंचमाधव पंचायत के जरहिया में रूर्बन मिशन के तहत बने विवाह भवन को मुखिया नीलम देवी ने जेएसपीएल से जुड़े आजी. विका महिला मंडल को सौपा। इसको लेकर इसी जरहीया विवाह भवन,बरही में श्यामा प्रसाद मुखर्जी (रुर्बन मिशन) के तहत जरहीया आजीविका सखी मंडल ग्राम संगठन का विशेष बैठक किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता विनीता देवी एवं संचालन रंजू देवी के द्वारा किया गया। बैठक में स्थानीय मुखिया नीलम देवी, जेएसपीएल, बीपीएम दीपक कुमार, सीसी राजू कुमार, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप,समाजसेवी नागेश्वर कुमार रंजू देवी, बसंती देवी,कल्याणी देवी,शिला देवी,उर्मिला देवी, संगीता देवी, इन्दीया देवी, रीना देवी,रेखा देवी,रीना देवी, कलावती देवी,सीमा देवी, मोनिका देवी,संनीता देवी,रीता देवी, गुंजा देवी,अनीता देवी दुलारी देवी, किरण देवी,नीतू देवी, रिंकी देवी,मीना देवी,सीता देवी,सरिता देवी,मधु देवी,मंजू देवी,समुद्री देवी,एवं ग्राम संगठन आजीविका सखी मण्डल की दीदी लोग उपस्थित थीं।

## बाइक की आपसी भिड़ंत में दो घायल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही प्रखंड अंतर्गत बरसोत पंचायत के बरियठ्ठा निवासी भीम प्रसाद उम्र 40 वर्ष पिता भैरव प्रसाद, मनोज सिंह उम्र 35 वर्ष पिता रामधारी सिंह बरकठ्ठा जाने के क्रम में घंघरी के समीप दो बाइक के आपसी भिड़ंत में घायल हो गए। दोनों घायल व्यक्ति को बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इनका प्राथमिक उपचार किया गया।

## बरही के बालू माफिया बेखौफ, रोजाना लगा रहे है लाखो का चूना







**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

झारखंड सरकार के के सख्ती के दावों के बीच अवैध बालू खनन का खेल जारी है। बेखौफ बालू माफिया रोजाना लाखो का चूना लगा रहे है। बरही प्रखंड अंतर्गत भंडारों पंचायत के बैरिसाल से इन दिनों लगभग लगभग सैकड़ों ट्रैक्टर बालू चोरी कर उसे बाजार में बेचा जा रहा है। एनजीटी के रोक के बावजूद बैरिसाल से बालू का अवैध खनन हो रहा है। ये अंधेरगर्दी अंधेरे के साथ दिन के उजाले में भी चलती है। लेकिन बरही प्रशासन इस पर रोक लगाने में पूरी तरह से असफल है। ज्ञात हो की अभी एक ट्रैक्टर बालू की कीमत चार से पांच हजार लिया जा रहा है।

## ब्रह्मा विद्या योग नें सप्ताहिक सत्संग गोष्ठी का कीया आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



सत्संग में शामिल श्रद्धालु

बरही हजारीबाग रोड में स्थित शकुंतला पैलेस के सोमवार को ब्रह्मा विद्या योग सत्संग गोष्ठी का चंद्र मोहन मिश्रा के अध्यक्षता में आयोजन किया गया। जिसमे कार ध्वनि सामूहिक, स्वागत गान अनमोल राणा, मंगल गान पुनम देवी, उद्‌घोष चंद्र मोहन मिश्रा, माल्यार्पण सामूहिक, ज्ञान गुड्डी पाठ कृष्णा कुमार गुप्ता, स्वर्वेद पाठ डॉ महेश प्रसाद, भजन सिकंदर सिंह, पुनम देवी, राधा कृष्ण मेहता, प्रवचन डॉ महेश प्रसाद, आरती सामूहिक एवं शांतिपाठ सामूहिक रूप से किया गया। मौके पर सिकंदर सिंह, राधाकृष्ण मेहता, अनमोल राणा, बद्री सिंह, अनिल केशरी, रजदेव सिंह, सुचिता देवी, ममता देवी, चंदन कुमार सिन्हा, सुनील यादव एवं किशोर उर्फ सत्येंद्र सिंह मौजूद थे।

## प्रेस क्लब के चुनाव को लेकर प्रपत्र की बिक्री शुरू

**अपेम लाइव : हजारीबाग**




हजारीबाग प्रेस क्लब – 2022–24 चुनाव को लेकर मंगलवार को नामांकन–प्रपत्र की बिक्री शुरू हुई. शहर के जैन धर्मशाला परिसर में दोपहर 12 बजे से चार बजे तक नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। पहले दिन दो उम्मीदवार देवनारायण प्रसाद और अमरनाथ पाठक ने नामांकन प्रपत्र खरीदा। इस अवसर पर चुनाव संचालन समिति के पांच सदस्य वरिष्ठ पत्रकार अभिजीत सेन, सलाउद्दीन, प्रो. गजेंद्र सिंह, जफरूल्लाह सादिक और प्रकाश पांडेय उपस्थित थे। नामांकन प्रपत्र बिक्री व नामांकन प्रपत्र भरने के कार्यों के संचालन में प्रेस क्लब के दिलीप वर्मा, महावीर चौरसिया, कुणाल भारद्वाज और अनवर फिदवी सक्रिय भूमिका निभायी। प्रेस क्लब हजारीबाग का नामांकन प्रपत्र की बिक्री 12 और 13 जुलाई 2022 को होगा। नामांकन प्रपत्र भरने की तिथि 14 से 16 जुलाई 2022 दोपहर 12 बजे से चार बजे तक निर्धारित है 17 जुलाई को नामांकन प्रपत्र की जांच 12 बजे तक होगी। इसके बाद शाम चार बजे नाम वापसी का समय निर्धारित है 23 जुलाई 2022 को मतदान होगा। प्रेस क्लब हजारीबाग चुनाव में शहरी और सभी प्रखंड के पत्रकार भाग लेंगे।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## कुष्ठ नियंत्रण कार्यक्रम का 4 सदस्यीय केंद्रीय टीम ने लिया जायजा , कुष्ठ रोगियों से की बात

### अनुमंडलीय अस्पताल में टीम ने किया पौधरोपण, डीएस ने किया स्वागत









**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

कुष्ठ नियंत्रण को लेकर अनुमंडलीय अस्पताल की ओर से चलाए जा रहे डोर टू डोर सर्वे कार्यक्रम का दिल्ली से आई केंद्रीय टीम ने जायजा लिया। डॉ विश्व रंजन दास के नेतृव में आई टीम ने कई गांवों का दौरा कर कर्यक्रम की जानकारी ली। टीम में शामिल डॉ विश्व रंजन दास, प्रशासनिक पदाधिकारी रंजीत पाठ्क, डब्लू एचओ से डॉ मनोज कुमार, डॉ गौतम कुमार, डॉ सिद्धार्थ कुमार ने कई कुष्ट रोगियों से मिलकर उनकी स्वास्थ्य की जानकारी ली और कुष्ठ नियंत्रण कार्यक्रम के तहत सरकार से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी। टीम के साथ हज़ारीबाग़ सिविल सर्जन डॉ एसपी सिंह एवं डीआरएचओ डॉ कपिल मुनि भी शामिल रहे। क्षेत्र भ्रमण कर टीम ने अनुमंडलीय अस्पताल का भी जायजा लिया। अस्पताल की स्वास्थ्य सुविधा जानकर संतुष्ट हुए। डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने अस्पताल की मानव संसाधन की कमी एव चिकित्सको की कमी से अवगत कराया। बताया कि ट्रॉमा सेंटर से ऑर्थोपेडिक डॉक्टर्स एवं स्टाफ की जरूरत है। सीएस एव अन्य टीम के सदस्यों ने जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। अस्पताल में सभी को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। सभी के सम्मान में पौधरोपण भी किया गया। जिसमें सभी टीम के सदस्य एव अन्य चिकित्सको ने भाग लिया। मौके पर डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, मुकेश कुमार,संतोष कुमार, पंकज कुमार, विनय सिन्हा,नारायण राम, डॉ वेद राजन आदि लोग मौजूद थे।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय पालमो में अभिभावकों ने काटा बवाल हुई बैठक





**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

गिरिडीह सदर प्रखंड स्थित मुफ्फसिल थाना क्षेत्र स्थित पालमो पंचायत मे संचालित उत्क्रमित मध्य विद्यालय पालमो में अभिभावकों ने जमकर बवाल काटा। स्थिति को बिगड़ते देख स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि सुरेन्द्र यादव पहुंचे और मामले को गंभीरता से लेते हुए बैठक कर समझौता किया। विस्तृत जानकारी देते हुए मुखिया प्रतिनिधि ने मिडिया को बताया कि विद्यालय में विधार्थी और प्रधानाध्यापक अबुल कलाम के बीच नोक झोंक हुई थी जिसने प्रधानाध्यापक ने सागर कुमार नामक छात्र को तीन चार थप्पड़ रसीद कर दिया था। जबकि नियम कहता है कि छात्र अगर कोई गलती करे तो अभिभावक को बुलाकर हिदायत देनी चाहिए। मगर ऐसा ना कर छात्र को पीटना बिल्कुल नाइंसाफी है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अबुल कलाम का कहना है कि छात्र ने विद्यालय के श्यामपट्ट पर धर्म विशेष नारे लिख दिया था और कुछ अपशब्द भी लिख दिया था जिसके कारण उसे कार्यालय में बुलाकर डांटा गया ताकि दुबारा इसी तरह की गलती नहीं करे। छात्र के साथ बिल्कुल भी मारपीट नही की गई है। छात्र और अभिभावक का आरोप नि. राधार है। इस विद्यालय में प्रधानाध्यापक के अलावे चार और शिक्षक हैं। विद्यालय में कुल तीन सौ बीस विद्यार्थी नामांकित हैं। विद्यार्थियों का आरोप है कि मेनू के मुताबिक मध्यान भोजन भी नहीं दीया जाता है। दाल और सब्जी घटिया किस्म की होती है जिसने दाल और सब्जी कम और पानी अधिक होता है। लो. कडाउन के समय का मध्यान भोजन की राशी में से कक्षा एक से पांच तक को एक हजार रुपए देकर फोटो खींच लिया और दो सौ रुपए वापस ले लिया। वर्ग छठा से आठवां तक को पंद्रह सौ रुपए देकर फोटो खिंचवा कर दो सौ रुपए वापस ले लिया विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ने। इस तरह से कक्षा एक से पांचवीं तक को आठ सौ रुपए और कक्षा छह से आठ तक को तेरह सौ रुपए दिया गया है जबकि रजिस्टर में एक हजार और पंद्रह सौ रुपए लिखकर साइन करवा लिया गया है। मध्यान भोजन में कभी कभी कीड़े मिल जाते हैं जब इसकी शिकायत की जाति है तो उल्टे डांट कर भगा दिया जाता है। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कंचन मंडल से जब इस विषय पर जानकारी मांगी गई तो उन्होंने कहा कि बच्चें ज्यादा है और राशि कम दी गई है इसलिए राशि वितरण में थोड़ी बहुत परेशानी हुई है। अगर किसी बच्चें को राशि नही दी जाती तो वह भी परेशानी की बात होती। ग्रामीण क्षेत्रों में अभिभावक कोई दलील सुनना पसंद नहीं करते सिर्फ उनको लाभ चाहिए तो ऐसे में राशी का कम होना लाजमी है। सरकार और शिक्षा विभाग अगर विद्यार्थियों का लिस्ट बनाकर एमडीएम की राशि देती तो ए हालात उत्पन्न नही होती। संयो. जिका कविता देवी ने कहा कि मैंने नया कार्यकाल संभाली हूं मध्यान भोजन में किसी तरह की अनियमितता की जानकारी मुझे नही मिली थी अगर किसी तरह की अनियमितता बरती जा रही है तो अविलंब उस पर अंकुश लगाया जाएगा और दोषियों के खिलाफ़ कड़े कदम उठाए जाएंगे। रसोइयों का कहना है कि हमे जो दिया जाता है उसी से मध्यान भोजन बनाकर परोस देती हुं।












सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## सेलहारा स्कूल में वर्ग आठ के बच्चो को दिया गया विदाई

### स्कूल में मिले ज्ञान को आत्मसात कर अपने कैरियर को सफल बनावे : जनार्दन वर्मा


**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**




मध्य विद्यालय सेलहारा में अध्ययनरत आठवी कक्षा के बच्चों को भावभीनी विदाई दिया गया। वर्ग सातवी कक्षा के बच्चों ने आठवी के बच्चों को फूल देकर स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विद्यालय से निकल रहे वर्ग आठ के बच्चों को शिक्षको मेडल व उपहार देकर भविष्य की शुभकामनाएँ दिया। समारोह में बच्चो के लिए विशेष व्यंजन की व्यावस्था किया गया था। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए शिक्षक जनार्दन प्रसाद वर्मा ने बच्चो के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि बच्चे स्कूल में मिले ज्ञान को जीवन में आत्मसात कर, कैरियर में सफलता हाशिल करें। कहा इस प्रकार के कार्यक्रम से बच्चो का मनोबल बढेगा। प्राचार्य रामखेलावन रविदास ने कहा बच्चो के साथ बिताए पल यादगार रहेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक जन्मेजय सिंह, विजय कुमार, विजय प्रसाद, रामचंद्र साहु, राजेंद्र रविदास, राकेश सिंह, डैजी कुमारी, सिंह रंगीना कुमारी व बाल- संसद के सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

## सांसद महोदया सह केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपुर्णा देवी से मिले जिला परिषद सूरज सुमन

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड के अंतर्गत पूर्वी जोन जिला परिषद सदस्य सुरज सुमन उर्फ रामधनी वर्मा द्वारा कोडरमा के माननीय सांसद महोदया सह केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपुर्णा देवी से अपने क्षेत्र के समस्याओं से रु- ब- रु करवाए । तथा क्षेत्र के विकास के बारे में विचार-विमर्श किए द्य उक्त मौके पर प्रखंड सांसद प्रतिनिधि महेन्द्र कुमार यादव भी मौजूद रहे।

## पन्दनवा टाण्ड़ मे जन समस्याओं को दूर कराया जाएगा : जिप सदस्य

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव प्रखंड चेपा कला पंचायत अंतर्गत पदनवा टाण्ड़ मे पश्चिमी जिला परिषद सदस्य यासमीन निशा के प्रतिनिधि मोहम्मद इब्राहिम ने पदनवा टाण्ड़ का दौरा कर जन समस्याओं को जानने का प्रयास किया। स्थानीय जनता के साथ बैठ कर वहां की जन समस्या सुना एवं उसे जल्द से जल्द दूर करने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया । मोहम्मद इब्राहिम ने कहा कि जिला परिषद के द्वारा आपके समस्याओं को संज्ञान में लिया गया है बिजली, पानी ,स्वास्थ शिक्षा इन सभी समस्या को निजात दिलाने के लिए आपकी समस्या को जिला प्रशासन से मांग करेंगे। देश आजाद होने के बाद भी अब तक 200 आदिवासी जनसंख्या वाली पंदनवा टाण्ड़ गांव में सरकार की कई सुविधाओं से वंचित है। ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर जिप सदस्य यासमीन निशा ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याओं को जल्द से जल्द दूर कराया जाएगा।

बैठक में उपस्थित शाहिद उर्फ सोनूतारा भोगता ,अमृत भोगता ,खैटा गंझू ,चिंतामन गंझु ,भुनेश्वर , लालिया देवी,फागुनी देवी,अनीता देवी ,देवा गांझु,जीरवा देवी,पुसनी देवी, गिरधारी गांझु,प्रभु ,मोहन ,हीरा , मनोज , शिबू , नगीना देवी, दिनेश , क उगन , गीता देवी, अंजू देवी, अनुज गंजू ,प्रदीप गंजू ,बुधन गंजू ,सरिता देवी ,शांति देवी, सुनीता देवी के अलावा बैठक में कई लोग उपस्थित थे।

## जन्मदिन और मांगलिक अवसरों पर वृक्षारोपण के लिए ग्राम पंचायतों से सहयोग की अपील

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**




गावां, गिरिडीह : वैश्विक महामारी कोरोना की दूसरी लहर के दरम्यान लोगों को ऑक्सीजन हेतू दर- दर भटकते हुए देखा गया इसके बावजूद भी लोग पर्यावरण संरक्षण को लेकर सजग नहीं हैं। इस पर सार्वजनिक मंथन, परिचर्चा एवं संयुक्त कार्ययोजना बनाने की जरूरत है। रोजाना जंगलों को लोग काट रहे हैं, यहीं रवैया रहा तो मानव को बहुत जल्द पेट्रोल और डीज़ल की तरह सिलेंडर का बाट्ला भी साथ में लेकर चलना होगा। सामाजिक कार्यकर्ता सह आदर्श फाउंडेशन के सचिव सुरेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने कहा कि हम सभी को जन्मदिन एवं मांगलिक कार्यक्रमो के दौरान एक फलदार वृक्ष लगाते हुए उसकी सुरक्षा हर हाल में सुनिश्चित करने की जरूरत है। हम प्रखण्ड के सभी जनप्रतिनिधियों, सरकारी पदाधिकारी, वन विभाग समाजसेवियों, व्यापारियों, मीडिया के साथियों,सभी संगठनों, छात्रों एवं युवाओ से विशेष आग्रह करते हैं कि इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें। बेहतर कल अगर बनाना है तो हम सभी को खुद आगे आना होगा। हम सभी को सार्वजनिक जगहों पर भी वृक्षारोपण हेतू विशेष अभियान चलाना होगा। मानसून की असीम कृपा रही तो अगले सप्ताह से प्रखंड अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों में स्थित पंचायत भवनों में इस अभियान की शुरुवात आदर्श फाउंडेशन एवं ग्राम पंचायतों के संयुक्त तत्वावधान में शुरू किया जाएगा।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## पारिवारिक स्वास्थ्य पखवारा का उद्घाटन समारोह आयोजित





**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**

सदर अस्पताल गिरिडीह परिसर में आज दिनांक 11.07.022 को माननीय 20 सूत्री उपाध्यक्ष गिरिडीह के द्वारा 11.07.022 से 27.07.022 तक चलने वाले परिवार स्वास्थ्य पखवारा का शुभारम्भ किया गया स

कार्यक्रम का शुभारम्भ स्वागत गीत एवं दीप प्रज्व. लित के द्वारा किया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन ने कहा की प्रत्येक वर्ष 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस पुरे विश्व में मनाई जाती है स विश्व के विभिन्न देशों में आबादी काफी तेजी से बढ़ रही है इस पर नियंत्रण आवश्क है स भारत में इस अवसर पर परिवार स्वास्थ पखवारा मनाया जाता है स भारत आबादी के दृष्टिकोण से विश्व मे दूसरा सबसे बडा आबादी वाला देश है स जिसकी जनसंख्या लगभग 125 करोड है स नेशनल फैमिली सर्वे 2014 – 15 के अनुसार भारत का प्रजनन दर 2.5 : है जो कि काफी ज्यादा है स इस दर को 2 : से कम लाना काफी आवश्क है स संसाधन सीमित है एवं जनसंख्या असीमित रही तो काफी असुविधा होगी स इस हेतु लोगों को जागरूक होना पड़ेगा एवं परिवार नियोजन की विधियों का उपयोग करना चाहिए स गिरिडीह सिविल सर्जन ने बताया की कल्याण पखवारा मे गिरिडीह जिला का लक्ष्य निम्नांकित है :–

1 मेल (स्टरलाइजेसेन) = 1 4 9

2 फीमेल (स्टरलाइजेसन) = 2242

3.इंटरवलप्यूएसडी= 3737

4' पीपीआईयूसीडी (प्इनसर्शन) = 5674

5.पीएआईयूसीडी = 42

6. इंजेक्टेबल = 4983

7.ऑसीपी= 32391

8.छाया= 3987

9. कंडोम = 179397

10. ईपीसी = 2492

11.पीटीके = 3737

सिविल सर्जन ने बताया की परिवार नियोजन के अनेक दवाएं एवं चिकित्सा पद्धति है जो कि सभी पीएचसी, सीएचसी, सब सेंटर में उपलब्ध है स लोग इसका लाभ उठाये सएएनएम सहिया दीदी भी लोगों जागरूक कर रही है स कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माननीय 20 सूत्री उपाध्यक्ष ने कहा की जनसंख्या विस्तार विश्व की एक बडी समस्या है स आबादी बढ़ रही है संसाधन सीमित है स आबादी के मामले मे विश्व के दूसरे सबसे बड़े देश भारत में जनसंख्या विस्तार को रो. कने के लिए सभी सामा. जिक संगठन, राजनीतिक संगठन समाज के सभी वर्ग के लोगो को आगे आना होगा स सभी लोगो को चिकित्सकों द्वारा बताये गए परिवार नियोजन के उपायो का प्रयोग करना होगा स समाज मे सभी लोगो को इसके लिए संकल्प करना होगा स कार्यक्रम मे परिवार नियोजन के क्षेत्र में उत्कृ ष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य केंद्र/सर्जन/एव एनव एमव /सहिया एवं बीव टीव टीव निम्नांकित हैः– साव स्वास्थ्य केंद्र, तीसरी, 2 साव स्वास्थ्य केंद्र, गावा 3 साव स्वास्थ्य केंद्र, जमुआ 4 साव स्वास्थ्य केंद्र, देवरी 5 शिवम क्लिनिक, बरगंडस गिरिडीह ड०व नरेश खसलखो ,सर्जन, बगोदर, ड०व सत्येंद्र कुमार सिन्हा, सर्जन,देवरी 8 चन्द्रसनी एवएनवएमव तिवारी 9 रीना हेम्ब्रम, एवएनवएमव बेंगसबाद 10 सावित्री देवी, सहिया बगोदर 11 कलावती देवी, सहिया, बेंगसबाद 12 अजू देवी सहिया, रंउनं 13 सरिता टुडू बीटीटी पीरटांड़ 14 पम्मी कुमारी बीटीटी बेंगसबाद स कार्यक्रम मे परिवार नियोजन के तहत उत्कृष्ट कार्य करने वालो को पुरस्कृ त किया गया स कार्यक्रम का संचालन डीपीएम. प्रतिमा कुमारी ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन डाक्टर शिप्रा ने किया स

## विद्यालय में कई प्रकार के अनियमितता बरते जाने के खिलाफ ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां प्रखण्ड के पिहरा पश्चमी पंचायत अंतर्गत बाराडीह गांव में संचालित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार को ग्रामीणों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने बच्चों का हक मारना बन्द करो, स्थानीय शिक्षक नही चाहिए, स्कूल में गैर जरूरी सामान रखना बन्द करो, एमडीएम की राशि अविलम्ब वितरण करो यदि नारा लगाते हुए विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त विद्यालय में कार्यरत शिक्षक संजय कुमार कभी विद्यालय में नही पढ़ाते है, वो हमेशा मनरेगा कार्यो में व्यस्त रहते है और मनरेगा से सम्बंधित गिट्टी, छड़, बालू, पटरा आदि सामान को स्कूल के कमरे में रखते है। ग्रामीणों ने मध्याह्न भोजन में अनियमितता बरते जाने, विद्यालय में शौचालय नही रहने और पेयजल की की सुविधा नही होने का भी आरोप लगाए है। साथ ही विद्यालय में मध्याह्न भोजन का मेनू नही लिखा होने से लोग काफी नाराज दिखे। बच्चों से पूछे जाने पर मेनू के अनुसार अंडा एवम फल नियमित नही मिलने की बात भी सामने आई है। पूछे जाने पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय कुमार ने बताया कि किसी अन्य व्यक्ति का छड़ आदि समान विद्यालय में रखा हुआ था जिसको मैंने हटाने के लिए भी बोला था और बच्चों के बीच जो राशि बांटनी थी वो अभी तक हमलोगों के खाता में नही आया है, अब आने वाला है, आ जाने पर निकाल कर बांट दिया जाएगा। इस सम्बंध में स्थानीय मुखिया अमित कुमार ने बताया कि बाराडीह के ग्रामीणों के द्वारा विद्यालय में अनियमितता की सूचना प्राप्त हुई जिसको लेकर मैं भी यहां निरीक्षण को पहुंचा हूँ, यदि आरोप सही पाए गए तो संबधित पदाधिकरियों से बात कर उचित कार्यवाई की मांग करूंगा। मौके पर मनोज कुमार, राजेन्द्र कुमार, सुरेंद्र कुमार, मोहन यादव, कारू यादव, मिथलेश यादव, बालगोविंद महतो, सूर्यमणि महतो, जमाहिर महतो आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## एकेडमी स्कूल के सामने दुकान में लगी आग लाखो का सामान हुआ खाक

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह शहर में बीती रात को स्टेशन रोड एकेडमी स्कूल के सामने मोटर पार्ट्स की दुकान में आग लग जानें से लाखों रुपए की परिसंपति जल कर खाक हो गई। आग लगी या लगाई गई यह तो पुलिस प्रशासन के जाँच के उपरांत ही स्पष्ट हो पाएगा। दूकान संचालक अरबाज के पार्ट्स दुकान का लगभग लाखो की संपत्ति जलकर खाक हो गई,सभी पार्टस जल गए। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि आग इतनी तेज थी अंदर एक स्कूटी थी वह भी जल गई। खबर पाक. र ।मौके पर पहुंचे माले के विधानसभ प्रभारी राजेश सिन्हा व माले नेता न०साद अहमद चाँद और दुकान संचालक अकबर को आश्वस्त किया कि पुलिस प्रशासन घटना की निष्पक्ष और ईमानदारी से जांच कर दोषियों के खिलाफ़ विधि सम्मत कार्यवाही करेंगी ।,अभी हम किसी के बारे कह नहीं सकते किन्तु,हाल के दिनों में जिस प्रकार से सभी धर्मो के अगुवा लोग और जनता ने साथ दिया है बेहतर माहौल को बनाने में उसमे यह खलल डाला गया है।दुकान संचालक अकबर ने घटना को लेकर लिखित आवेदन टाउन थाना में दिया है,रात में आग लगी है,किस कारण से आग लगी जांच के बाद ही पता चल पाएगा। भाकपा माले नेता राजेश सिन्हा ने कहा कि निश्चित ही यह एक बड़ा हादसा है,यदि कोई जान बूझ कर घटना को अंजाम दिया है तो गिरिडीह पुलिस प्रशासन उन अपराधियो के लिए काफी है।,आपसी भाईचारे का जो दुश्मन है जल्द चिन्हित होंगे,वही माले नेता न०साद अहमद चाँद ने कहा की शहर में आपसी भाईचारे का मिसाल कायम है मगर कुछ मौकापरस्त और अपराधी प्रवृत्ति के लोगो को यह पच नहीं रहा है। भाकपा माले उनलोगों से चौलेंज करती है की कोई दुश्मनी हो तो सामने से वार करें छिपकर वार करने वाले को पुलिस प्रशासन बकसेगी नहीं। शिकायत कर्ता अकबर मध्यमवर्गीय परिवार से है सरकार मुवावजा भी दें ऐसे पीड़ित लोगो को। इस के लिए संबंधित अधिकारी से भाकपा माले प्रतिनिधि मंडल मिलेंगे और मुआवजा दिलाने का काम करेगा।

## झारखंड प्रदेश यूवा कांग्रेस और गिरिडीह ज़िला यूवा कांग्रेस के बैनर तले किया पीएम का पुतला दहन

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस एवं गिरिडीह जिला युवा कांग्रेस के निर्देशानुसार आज डुमरी विधानसभा अध्यक्ष गंगाधर महतो के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा लाई गई युवा विरोधी अग्निपथ योजना के खिलाफ डुमरी चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं गृह मंत्री अमित शाह जी का पुतला दहन किया गया और युवा विरोधी मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई ! इस कार्यक्रम मैं बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह जिला युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष हसनैन अली , डुमरी विधानसभा प्रभारी यश सिन्हा उपस्थित हुए ! जिला अध्यक्ष हसनैन अली ने कहा कि युवा विरोधी मोदी सरकार ने अग्नीपथ योजना लाकर जिस तरह से युवाओं को अग्नि में धकेलने का काम किया है इसको लेकर पूरे देश में कांग्रेस का एक–एक कार्यकर्ता सड़क पर है और गिरिडीह जिला युवा कांग्रेस केंद्र सरकार से मांग करता है कि इस अग्निपथ योजना को शीघ्र ही वापस लिया जाए और ऐसा नहीं होने पर जब तक यह योजना वापस नहीं ली जाती है तब तक हम युवा कांग्रेस के लोग इसका पुरजोर तरीके से विरोध प्रदर्शन करते रहेंगे ! और आज इस कार्यक्रम को गिरिडीह जिला युवा कांग्रेस के सभी विधानसभा में किया जा रहा है ! मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष महेश भगत, डुमरी विधानसभा उपाध्यक्ष शिवम सेठ, रकीब आलम, डुमरी विधानसभा अध्यक्ष पुखराज पांडे, मनोज जायसवाल, महावीर महतो, घनस्याम सिंह आदि कई लोग उपस्थित थे !

